अन्नपूर्णा देवी
ANNPURNA DEVI

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

राज्य मंत्री
शिक्षा मंत्रालय
भारत सरकार
MINISTER OF STATE
FOR EDUCATION
GOVERNMENT OF INDIA

04 SEP 2023

संदेश

शिक्षक दिवस के अवसर पर, मैं शिक्षा और दर्शन के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए भारत के पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन करते हुये भारत के समस्त शिक्षकों, विद्यार्थियों और पूरे शिक्षा जगत को "शिक्षक दिवस" की शुभकामनायें देती हूँ।

छात्र शिक्षक के प्यार और स्नेह, उसके चरित्र, उसकी योग्यता और उसकी नैतिक प्रतिबद्धता से गहराई से प्रभावित होते हैं। छात्र अपने शिक्षक के आचरण, रीति-रिवाज, शिष्टाचार, बातचीत की शैली और उसके उठने-बैठने का अनुसरण करने का प्रयास करते हैं।

शिक्षक न केवल छात्रों के व्यक्तित्व का निर्माण करता है बल्कि राष्ट्र के निर्माण में भी अपना योगदान देता है। शिक्षक नागरिकों के चरित्र निर्माण और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

छात्रों के जीवन में एक शिक्षक की भूमिका को प्राचीन काल से ही सराहा जाता रहा है।

शिक्षक दिवस के अवसर पर, शिक्षक समुदाय को उनके प्रयासों में सफलता की अनंत शुभकामनाएँ।

(अन्नपूर्णा देवी)

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

Office : Room No. 126, 'C' Wing, Shastri Bhavan, New Delhi-110 001
Phone : 91-11-23384073, 23386163, Fax : 91-11-23385112
E-mail : mosedu-ad@gov.in